**खबर संक्षेप**

## सिंधी समाज मंडला ने पंचचौकी आरती में दी श्रद्धा भक्ति और आस्था की प्रस्तुति



**मण्डला।** पवित्र पावन पुण्य सलिला मां नर्मदा के माहिष्मती घाट पर शुक्रवार को आयोजित संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती का आयोजन सिंधी समाज मंडला के द्वारा भव्य रूप से संपन्न हुआ। बताया गया कि हर माह की 29 तारीख को सिंधी समाज को महाआरती का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे माहिष्मती घाट पर भक्ति मय वातावरण हो गया। पंचचौकी महाआरती का आयोजन अमृता चौकी, रेवा चौकी, नर्मदा चौकी, शांकरी चौकी और मेकलसुता चौकी पर किया गया। भक्तों ने नर्मदा नदी में दीप प्रवाहित किए, जिससे नदी का जल दीपों की झिलमिलाहट से आलोकित हो उठा। इस दौरान "नर्मदाष्टक", "त्वदीय पाद पंकजम्", "नमामि देवी नर्मदे" और आरती "ॐ जय जगदीश हरे" ने भक्तों को भक्ति के सागर में डुबो दिया। महाआरती को लेकर समाज के सभी वर्गों में भारी उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। इस पुनीत अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनूठा संगम है। आरती के पश्चात सभी को प्रसादी का वितरण किया गया। पंचचौकी महाआरती न केवल एक धार्मिक आयोजन है बल्कि यह श्रद्धालुओं के लिए नर्मदा मां के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का एक विशेष अवसर भी बन चुका है।

### मानव अधिकारों के संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-प्रियंक कानूनगो

# योजनाओं की प्रगति परखने मण्डला पहुंचे-कानूनगो

*** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य ने मंडला में की समीक्षा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने शुक्रवार को जिला योजना भवन, मंडला में विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर मानव अधिकारों से जुड़ी योजनाओं एवं कानूनों के जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानव अधिकारों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें।

श्री कानूनगो ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा शासन-प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आयोग द्वारा मांगी गई जानकारी निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय एवं राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सेवाओं और दिव्यांग कल्याण की समीक्षा

बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोग सदस्य ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विभिन्न विषयवार बिंदुओं पर जिले से अद्यतन जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही नवजात शिशुओं के उपचार हेतु संचालित एनआरसी एवं न्यूबॉर्न केयर यूनिट की बेड ऑक्युपेंसी की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

### पॉक्सो प्रकरणों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश

महिला एवं बाल विकास तथा बाल संरक्षण से जुड़े विषयों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में पॉक्सो एक्ट के 68 प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं। पीड़ित बच्चों को कानूनी एवं मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए 43 सपोर्ट पर्सन इम्पैनल किए गए हैं।श्री कानूनगो ने पॉक्सो तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े प्रकरणों की पृथक समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी मामलों में नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### शिक्षा में बढ़े नामांकन, सभी पात्र बच्चों को मिले छात्रवृत्ति

शिक्षा विभाग की समीक्षा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत सत्र 2026-27 के विद्यालयी नामांकन की जानकारी प्रस्तुत की गई। आयोग सदस्य ने आठवीं से नौवीं, नौवीं से दसवीं तथा दसवीं से उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में संक्रमण दर बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सभी पात्र विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाए। आधार कार्ड संबंधी लंबित मामलों को नियमानुसार यूआईडीएआई को भेजने तथा आश्रम शालाओं एवं विद्यालयों को दिए जाने वाले अनुदानों की प्रभावी निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

### जनजातीय कल्याण और सामाजिक न्याय योजनाओं की समीक्षा

बैठक में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आदिवासी कल्याण योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की गई। वहीं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूहों एवं आजीविका गतिविधियों की समीक्षा भी की गई।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राहत प्रकरणों की स्थिति पर चर्चा करते हुए श्री कानूनगो ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राहत और सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

### स्थानीय युवाओं को मिले अधिक अप्रेन्टिसशिप अवसर

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की समीक्षा के दौरान श्री कानूनगो ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अधिक अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने मनेरी औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं का सर्वे कर युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही अधिक अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मछली पालन, राजमिस्त्री, बढ़ई सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### जनजातीय क्षेत्रों में चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता जरूरी

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान आयोग सदस्य ने कहा कि जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इन क्षेत्रों की बड़ी आबादी शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर रहती है। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि पिछले दो वर्षों में बॉन्ड अवधि के दौरान सेवा छोड़ने वाले एमबीबीएस एवं एमडी चिकित्सकों की जानकारी शासन को भेजी जाए ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने जुवेनाइल डायबिटीज की स्क्रीनिंग को भी प्राथमिकता से शामिल करने के निर्देश दिए।

### विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक में यूडीआईडी कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पुनर्वास योजना, दिव्यांग कौशल विकास योजना, वायुश्री योजना, आदर्श बालगृह, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन, मुख्यमंत्री कोविड-19 योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, खेलो इंडिया तथा मानव दुर्व्यापार रोकथाम से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। निरामय योजना की समीक्षा के दौरान श्री कानूनगो ने सामाजिक न्याय विभाग को इसमें तेजी लाने और अधिक प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, सहायक कलेक्टर श्री शैलेन्द्र चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री संस्कार बावरिया सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## ढेंको ग्राम पंचायत में तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप



*** कलेक्टर से ग्रामीणों ने की शिकायत, बारिश से पहले जांच की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर

जनपद पंचायत मंडला के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेंको में तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 20 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी तालाब की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर पंचायत द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिससे बारिश के पूर्व पूरा काम नहीं हो पायेगा। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है और किए गए कार्यों को लेकर गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ढेंको के ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में गहरीकरण के नाम पर सिर्फ कचरा डालकर पाट दिया गया। नया घाट गुणवत्ताहीन बनाया गया, जबकि पुराना स्नान घाट बदहाल हो चुका है। सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए पेवर ब्लॉक भी उखड़ने लगे हैं।

ग्रामीण लगातार काम की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। इसी को लेकर मंगलवार को वे जिला जनसुनवाई में भी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन से तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए करीब 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। लेकिन मौके पर काम नाममात्र का हुआ। तालाब न तो गहरा हुआ, न ही सुंदर दिख रहा है। घाट और पेवर ब्लॉक का काम भी मानक के अनुरूप नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा गहरीकरण कार्य नहीं किया गया। उल्टा किसानों ने खुदाई कर मिट्टी अपने खेत ले गए, तब जाकर तालाब थोड़ा गहरा हुआ है। पंचायत का पक्षः उपसरपंच अनिल सिंगौर ने कहा कि काम अभी प्रगति पर है। अभी सिर्फ 11 लाख का कार्य हुआ है। तालाब की सफाई, चेकरस लगाना और फेंसिंग का काम बाकी है। फिलहाल सिर्फ स्नान घाट बनाया गया है। उन्होंने माना कि बारिश से पहले सौंदर्यीकरण पूरा नहीं हो पाएगा। फिलहाल ग्रामीण प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई और तालाब का काम दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं।




## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से नरायणगंज में चार पुराने तालाबों का गहरीकरण

*** 45 किसानों को मिलेगा लाभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला जिले के नारायणगंज ब्लॉक में जल संरक्षण और कृषि सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से तथा अर्पण सेवा संस्थान के समन्वय में संचालित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कोंड्रा माल, पटेहरा और चरगांव गांवों में कुल चार पुराने तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है।

यह पहल क्षेत्र में जल संकट को दूर करने और किसानों की कृषि उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है। इन चार पुराने तालाबों का गहरीकरण लगभग 45 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा करीब 105 एकड़ कृषि भूमि सिंचाई के दायरे में आएगी। इसके साथ ही इन संरचनाओं के माध्यम से लगभग 10800 घन मीटर जल भंडारण की क्षमता विकसित की जा रही है, जो वर्षा जल को संरक्षित कर भविष्य में उपयोग के लिए उपलब्ध कराएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर वर्षा पर निर्भर कृषि के कारण किसानों को अस्थिर उत्पादन और आर्थिक अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। ऐसे में तालाब गहरीकरण जैसी जल संरचनाएं न केवल सिंचाई की उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं, बल्कि फसल विविधीकरण, रबी और ग्रीष्मकालीन खेती को भी संभव बनाती हैं। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ आजीविका के नए अवसर भी सृजित होते हैं।

परियोजना के अंतर्गत बनाए जा रहे ये तालाब गहरीकरण जल संरक्षण के साथ-साथ भूजल स्तर को बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन आधारित पहलें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

स्थानीय किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए बताया कि अब उन्हें सिंचाई के लिए बाहरी स्रोतों पर कम निर्भर रहना पड़ेगा। इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन में स्थिरता आएगी। साथ ही, गांवों में हरियाली बढ़ेगी और जल संकट की समस्या में भी कमी आएगी।

समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत इस प्रकार के नवाचार और समुदाय-आधारित हस्तक्षेप यह दर्शाते हैं कि यदि योजनाओं को सही दिशा और सहयोग मिले, तो ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास के लक्ष्य को प्रभावी रूप से हासिल किया जा सकता है।

## प्रशासन आपके द्वार शिविर में जनसमस्याओं के निराकरण पर जोर

**मण्डला।** "प्रशासन आपके द्वार" अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हेडंडा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खंड पंचायत अधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में कुल 46 कर्मचारी शामिल हुए। शिविर में क्षेत्र की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जानकारी तत्काल जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें लोक निर्माण विभाग का 1, पीएचई विभाग के 4, पंचायत विभाग के 5, राजस्व विभाग का 1, विद्युत विभाग के 2 तथा स्वास्थ्य विभाग का 1 आवेदन शामिल रहा। प्राप्त आवेदनों में से एक आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया।

## मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

*** भाजपा की जिला कार्यशाला संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार शुक्रवार 29 मई 2026 को भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किए जाने वाले "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। बताया गया कि 5 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें विश्व पर्यावरण दिवस, विशेष जनसंपर्क अभियान, मीडिया संवाद, जनकल्याण शिविर, मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी, सभागार बैठकें, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम शामिल रहेंगे। जिला संगठन प्रभारी रमेश भटेरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संगठन है। उन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। उन्होंने कहा कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक कार्यकर्ता एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प भी ले। पौधरोपण की सेल्फी संगठन एप में अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक मंडल को कम से कम 30 लोगों से संपर्क करने का लक्ष्य दिया गया है। जनकल्याण शिविरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी सहित केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाने एवं प्रबुद्धजनों के साथ सभागार बैठक आयोजित करने की रणनीति भी बनाई गई। कार्यशाला में 19 एवं 20 जून को प्राकृतिक खेती को लेकर कृषि विज्ञान केंद्रों में किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित करने तथा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल से लेकर शक्ति केंद्र स्तर तक व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न संगठनों से जुड़े कम से कम 30 लोगों के नाम चिन्हित करें, चाहे वे किसी भी पार्टी या विचारधारा से जुड़े हों। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता निसंकोच होकर उनके घर पहुंचें और आत्मीयता के साथ संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने वाहन में एक पौधा अवश्य रखे और जनसंपर्क के दौरान लोगों के साथ मिलकर पौधरोपण करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम को मंडला जिले में उत्कृष्ट रूप से आयोजित किया जाए और इसमें सभी कार्यकर्ताओं की विशेष सहभागिता सुनिश्चित हो। साथ ही जिन स्थानों पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे, वहां व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जिन लोगों को अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उनके लिए विशेष प्रयास किए जाएं और यदि वे पात्र हैं तो उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए।

**समीक्षा बैठक** | **ग्रीष्मकालीन पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा**

# दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन अनिवार्य

*** नियम तोड़ने वालों पर लगेगा जुर्माना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने एसडीएम कार्यालय घुघरी के सभागार में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने घुघरी एवं मोहगांव के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में ग्रीष्मकालीन पेयजल आपूर्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री धोटे ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए सभी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 3 दिनों के भीतर दोनों क्षेत्रों के सभी खराब व बंद हैंडपंपों का सुधार कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नल-जल योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री धोटे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नल-जल योजनाओं और हैंडपंप सुधार कार्य का लगातार फॉलोअप लें। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों और विशेषकर दूरस्थ टोलों (मजरों) में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन टोलों में पानी की समस्या है, वहां प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान निकाला जाए।

### स्वच्छता को लेकर कड़े निर्देश, डस्टबिन न होने पर लगेगा जुर्माना

बैठक में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री धोटे ने सीईओ जनपद पंचायत घुघरी एवं मोहगांव को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने घुघरी सीईओ को सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाने और ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

व्यापारिक क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री धोटे ने एसडीएम घुघरी श्री सचिन जैन को निर्देशित किया कि वे तत्काल सभी स्थानीय दुकानदारों की एक बैठक बुलाएं और उन्हें स्वच्छता नियमों की समझाइश दें।

प्रत्येक दुकान और सार्वजनिक स्थानों (सर्जन के स्थानों) पर डस्टबिन (कूड़ादान) रखना अनिवार्य होगा। जिस भी दुकान में डस्टबिन नहीं पाया जाएगा, उस दुकानदार के विरुद्ध सख्त जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री धोटे ने कचरा प्रबंधन और उसके सही डिस्पोजल (निपटान) की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक गाइडलाइंस जारी कीं। बैठक में एसडीएम घुघरी श्री सचिन जैन, जनपद पंचायत सीईओ घुघरी एवं मोहगांव सहित संबंधित विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पीएच विभाग के इंजीनियर, सब इंजीनियर उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी के माध्यम से नगर को प्राप्त होने वाली सीटी स्कैन मशीन की सौगात कहां हो गई गायब...

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जिस तरह जब कोई विपत्ति सामने आकर खड़ी हो जाती है तो लोगों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में हो या फिर अन्य कोई दूसरी कमी दिखाई देने लगती है और परेशानी से लड़ने के लिये तुरंत व्यवस्थाये करते हुये देखा जाता है जो निश्चित तौर से उस कहावत को चरितार्थ करते हुये जान पड़ता है की अब आग लगने के बाद कुंआ खोदने का क्या मतलब..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई हमारे क्षेत्र में भी दिखाई देना आम बात बन चुकी है। ज्ञात हो कि नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु एनटीपीसी पावर प्लांट के माध्यम से कुछ साल पहले 10 लाख रूपया की राशि जमा की गई थी। इस जमा की गई राशि पर क्षेत्रवासियों ने जब गौर करना शुरू किया गया था तब कोरोना महामारी की दूसरी लहर पूर्ण शबाब पर रहते हुये आमजन की जिन्दगी को धीरे धीरे निकलते चली जा रही थी और उस समय नगर के शासकीय चिकित्सालय में बडे ही जोरों से सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने का मुद्दा उठाया जा रहा था जिसके चलते पता चला था कि एनटीपीसी द्वारा नगर के शासकीय चिकित्सालय में एक सीटी स्कैलन मशीन के लिये घोषणा की गई थी तो बीते हुये अप्रेल 2021 में यह बात सामने उभर कर आई हुई थी कि नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु 10 लाख रूपया की राशि जमा की गई है। इस संबंध में जब 16 अप्रैल 2021 में नगर शासकीय चिकित्सालय के तत्कालीन प्रभारी डा राकेश बोहरे से चर्चा की गई तो उनके द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया था कि जैसे ही राशि प्राप्त होती है टेंडर प्रकिया शुरू कर दी जायेगी। एक से दो महीने में मशीन स्थापित हो जाती है अभी चल रहे कोरोना काल व मौसमी बीमारियों के चलते उसकी ज्यादा डिमाड है। चिकित्सालय प्रबंधन को जैसी ही राशि प्राप्त होगी तो मशीन लगवा दी जावेगी। वही दूसरी ओर 16 अप्रैल 2021 में जब एनटीपीसी के तत्कालीन जन संपर्क अधिकारी निखिल स्वामी से चर्चा की गई थी तो उनका कहना था कि जिला प्रशासन के अनुरोध पर सीटी स्कैन मशीन के लिये एनटीपीसी द्वारा बीते हुये फरवरी माह यानि की 2021 में 10 लाख 50 हजार रूपया की राशि जिला प्रशासन के पास जमा कर दी गई है जो मशीन की कुल कीमत से 25 प्रतिशत होती है। बाकी राशि जैसे ही मशीन का आर्डर करेगे प्रदान की दी जायेगी। वही दूसरी ओर उस समय इस सच्चाई को लेकर जहां नगर के शासकीय चिकित्सालय प्रभारी का कहना था कि राशि प्रदान करते ही टेन्डर की प्रक्रिया शुरू कर दी जावेगी तो दूसरी ओर एनटीपीसी जन संपर्क अधिकारी का कहना था कि हमारे द्वारा जिला प्रशासन के अनुरोध पर सीटी स्कैन के लिये पैसा जमा कर दिये गये है? उस समय सबाल यह पैदा हो रहा है कि निश्चित ही एनटीपीसी द्वारा







अखिरकार यह किसी की उदासीनता का परिणाम है
लगभग एक वर्ष पहले एनटीपीसी द्वारा सीटी स्कैन मशीन को राशि देने के बाद भी नहीं हो पाई स्थापित
तो आज क्षेत्र के मरीजों को लाभ मिलने से वंचित न होना पड़ता


एनटीपीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सीटी स्कैन मशीन मामले को लेकर प्रभारी कलेक्टर ने दिखाई गंभीरता

राशि को जिला प्रशासन के पास जमा किये हुये महिनों का समय बीत चुका था । मगर किसी भी प्रकार की कोई प्रक्रिया शुरू न होना निश्चित ही जिला प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण उजागर होने से नही चूक पा रहा था..? इस सच्चाई को जब माह अप्रेल 2021 में मीडिया द्वारा लगातार उजागर किया गया था तो इस मामले को उस समय तत्कालीन कलेक्टर भरत सिंह यादव द्वारा गंभीरता से लेते हुये उस राशि को शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा रोगी कल्याण समिति में जमा करने की बात कही गई थी? वही उस दौरान तत्कालीन जिला कलेक्टर भरत सिंह यादव ने 25 अप्रैल 2021 अपनी चर्चा में बताया गया था कि एनटीपीसी द्वारा जो राशि जमा की गई थी उसे शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा की रोगी कलयाण समिति के खाते में उस राशि को 23 अप्रैल 2021 को जमा कर दिया गया है। इससे सी.टी. स्कैन मशीन के आर्डर के लिये आगे की प्रक्रिया की जा सकेगी। इसके उपरांत जब पुनः 25 अप्रैल 2021 को नगर के चिकित्सालय के तत्कालीन प्रभारी डा. राकेश बोहरे से चर्चा की गई थी तो उनका कहना था कि जिला प्रशासन द्वारा राशि जमा किये जाने की जानकारी मिली है। मगर अब सबसे बड़ी समस्या मशीन को प्राप्त करने की है। क्योंकि जब फरवरी माह में एनटीपीसी द्वारा जिला प्रशासन के खाते में राशि जमा की गई थी उस समय सप्लायर से बात हुई थी तो वह मशीन देने के लिये तैयार था तथा उस दौरान समाजसेवी शैलेन्द्र जैन ने भी पूरा भरोसा दिलाया गया था कि यदि तत्काल राशि की जरूरत पडेगी तो वह सहयोग करेगे। मगर वर्तमान समय में जो स्थिति बनी हुई है उसमें मशीन का सप्लाई होना कठिन जान पड़ रहा है। शासन व बडे स्तर पर यदि प्रयास किये जावे तो निश्चित ही सी.टी. स्कैन मशीन शीघ्र ही मिलने की उम्मीद की जा सकती है। इस संबंध में उस समय क्षेत्र की तत्कालीन विधायक श्रीमति सुनीता पटैल का कहना था कि उनके द्वारा भी इस सी.टी. स्कैन मशीन को गाडरवारा चिकित्सालय में स्थापित कराने के लिये अपने स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे है। जिसके चलते राज्यसभा सासंद विवेक तन्खा से बात करते हुये आग्रह किया गया है कि वह किसी भी तरह कही से सी.टी. स्कैन मशीन गाडरवारा शासकीय चिकित्सालय के लिये उपलब्ध कराये जिससे इस कोरोना महामारी के दौरान मरीजों को लाभ मिल सके। वही दूसरी ओर देश व प्रदेश की सत्ताधारी सहित अन्य राजनैतिक पार्टियों के नेताओं सहित समाजसेवियों द्वारा उपरोक्त मुद्दे को अप्रेल मई माह यानि की वर्ष 2021 के दौरान उस समय प्रमुखता से उठाया जा रहा था। जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर घातक बन चुकी थी, जिससे अनुमान लग रहा था कि शायद अब शीघ्र ही नगर के शासकीय चिकित्सालय के लिये यह सीटी स्कैन मशीन की सौगात मिल जावेगी..? मगर जैसे जैसे कोरोना की दूसरी लहर शांत होती गई और सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने का मुद्दा भी शांत हो गया और गौर किया जावे तो इस बात को आज लगभग चार पांच साल का समय बीत चुका है। मगर आज तक न तो नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन स्थापित हो पाई है और न ही अब नेताओं के मुंह से सीटी स्कैन मशीन की स्थापना को लेकर कोई चर्चा सुनी जा रही है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अप्रैल 2021 में जिस तरह एनटीपीसी के जन संपर्क अधिकारी द्वारा बताया गया था कि सीटी स्कैन मशीन को लेकर उनके द्वारा जिला प्रशासन पास 10 लाख 50 हजार की राशि जमा कर दी गई जिसके चलते उस जमा की गई राशि की पुष्टि तत्कालीन कलेक्टर भरत यादव द्वारा भी किये जाने के बाद पता नही वह राशि कहा गायब हो गई या फिर किसी अन्य दूसरी कार्य में खर्च हो चुकी है, यह बात शायद ही किसी की जानकारी में हो..? क्योंकि पांच साल पहले कोरोना काल के समय जब सीटी स्कैन मशीन की स्थापना को लेकर प्रयास किये जा रहे थें उस समय मिल नही पा रही थी। मगर जब स्थापना कराने के लिये काफी समय मिला तो उस मुद्दे को भुला दिया गया जिसकी शायद नगर ही नही बल्कि क्षेत्रवासियों के लिये सबसे अधिक जरूरत महसूस की जाती है और आज भी जरूरत पड़ने पर लोग सीटी स्कैन के लिये नरसिंहपुर या फिर अन्य बडे महानगरों के लिये भटकने मजबूर होते हुये देखे जाते है? यदि जिम्मेदारों द्वारा समय रहते हुये निष्ठा के साथ प्रयास किये गये होते तो बीते हुये पांच साल से अधिक के लम्बे अंतराल के दौरान नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हो चुकी होती..? इस तरह एनटीपीसी द्वारा मिलने वाली एक बडी सौगात को पूर्णरूप से भुला दिया गया है जो चर्चा का विषय ही नही बल्कि क्षेत्र के जिम्मेदारों की उदासीनता का प्रमाण उजागर करने से नही चूक रहा है...? यह बात अलग है कि नगर के शासकीय चिकित्सालय को विकास के नाम पर लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये नई नबेली दुल्हन की तरह सजा तो दिया गया है। मगर आज भी मरीजों को जरूरी सुविधाओं के आभाव के चलते परेशान होते हुये देखा जाना आम बात है।

## खबर संक्षेप

### नियम विपरीत वाहनों में लगे हुये लाईट की अनदेखी बन रही सड़क दुर्घटनाओं का कारण...?

**हरिभूमि न्यूज/ सिहोरा/ बोहानी।।** क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्व संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है। वही ये दुर्घटानाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक रहे है..? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्व लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

### कहीं कुत्तों से न फैल जाए बीमारी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है, इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है, वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तें से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है, पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है,लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदुषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ित कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है। बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। मुहिम चालाई जाए- क्षेत्र में घूमते आवारो कुत्तों में खुजली रोग ज्यादा फैल रहा है। गलियों तथा सड़कों पर घूमतें खुजेरिया कुत्तों से बच्चों को बचाने की चिंता अभिभावकों कों सताने लगी है, शहर के आवारा कुत्तों में तेजी से यह बीमारी फैल रही है, नगरपालिका को पशु चिकित्सालय की सहायता से ऐसे कुत्तों का उपचार करवाकर इन्हें शहर से दूर जंगल में छोड़ा जैसी पहल चलना चाहिए।

# सखियों ने पूर्ण श्रृंगार के बीच प्रस्तुत की दही-माखन लीला गोपियों का रूप धारण करते हुये दी गई नृत्य की प्रस्तुति





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चल रही अधिमास के दौरान जिस तरह नगर में क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे जा रहे वह निश्चित ही नगर के संपूर्ण महौल को धर्ममय बनाने से नही चूक रहे है। इसी क्रम में नगर के मध्य स्थित प्रसिद्व श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में इन दिनों पवित्र पुरुषोत्तम मास को लेकर श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। इस आयोजन को लेकर तीन वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद आए इस पावन मास के निमित्त मंदिर परिसर में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं जिससे संपूर्ण वातावरण पूर्णतः धर्ममय हो चुका है। आयोजन की इसी श्रृंखला में बीते शुक्रवार को श्रीदेव अटल बिहारी युगल सरकार के दिव्य सानिध्य में समस्त सखियों द्वारा 'दादी माखन लीला' का भव्य उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव की विशेष बात यह रही कि नगर की मातृ शक्ति घरों से ही पूर्ण पारंपरिक श्रृंगार करके, सुंदर लहंगा-चुनरी धारण कर साक्षात गोप और गोपिकाओं का रूप धारण करते हुये मंदिर पहुंची। जिसके चलते यहां का महौल कृष्ण नगरी के समान दिखाई देने से नही चूक रहा था। वही आयोजन का शुभारंभ प्रातः ठीक 6:00 बजे हुआ जहां सभी सखियों ने पुरुषोत्तम भगवान का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर महाआरती की गई। इसके पश्चात भक्ति रस से सराबोर 'दादी माखन लीला' प्रस्तुत का आयोजन शुरू हुआ। वही उत्सव के दौरान उपस्थित मातृशक्ति ने कन्हैया की माखन चोरी और सखियों संग नोक-झोंक पर आधारित पारंपरिक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वही उनके द्वारा विशेष रूप से प्रस्तुत किए गए मुख्य भजन दही खा लो मटकिया ने फोड़ो, ओ गैया के चरवैया! राधा के सांवरिया, जरा बंसी बजा के मुख मोड़ो... की कड़ियों पर सभी सखियां भावविभोर होकर झूम उठीं। भजन की सुंदर प्रस्तुति के साथ गोपियों द्वारा दही-माखन लीला का सजीव आनंद लिया गया। मंदिर के पुजारी कमलेश भार्गव ने पुरुषोत्तम मास का सनातन धर्म में विशेष महत्व बताते हुए कहा कि इस अधिक मास में की गई भक्ति और बाल लीलाओं के स्मरण का फल अनंत गुना प्राप्त होता है।

# मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों का निरीक्षण किया



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को यह खबर मिली है कि आने वाले जून माह के प्रथम सप्ताह में देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हो रहा है तो संपूर्ण क्षेत्र में एक अनोखी खुशी का महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब क्षेत्र में प्रधान मंत्री का आगमन हो रहा है। इस तरह देश के प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जहां प्रशासन तंत्र तैयारियों को लेकर सक्रिय नजर आ रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैविनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा भी अब तैयारियों को लेकर मोर्चा संभाल लिया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एनटीपीसी गाडरवारा में 5 या 6 जून 2026 को कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। मंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम का सुचारू रूप से तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस उन्होंने कार्यक्रम स्थल सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, हेलीपैड एवं सुरक्षा बेरीकेटिंग व्यवस्था, सत्कार व्यवस्था, परिवहन, पार्किंग, विद्युत, चिकित्सा व्यवस्था, फायर बिग्रेड, पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजनांतर्गत सांईखेड़ा में पंजीयन शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीते हुये दिवस जनपद पंचायत सांईखेड़ा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को योजना की जानकारी देते हुए उनका पंजीयन किया गया। इसी क्रम में नगर पालिका गाडरवारा में आगामी एक जून को पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजना का लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है। इस योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में श्रमिक द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा किया जाता है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा भी समान राशि का योगदान किया जाता है, जिससे श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक संबल प्राप्त होता है। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक जैसे आवश्यक दस्तावेजों के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन किया गया। जिन श्रमिकों का ई-श्रम पंजीयन पूर्व में नहीं हुआ था, उनके लिए शिविर स्थल पर ही तत्काल ई-श्रम पंजीयन की व्यवस्था भी की गई, जिससे वे योजना से जुड़ सकें। पंचायतों के सभी पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों से कहा गया है कि वे अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ें, जिससे उन्हें उक्त योजना का लाभ प्राप्त हो सके।



### मूंग और उड़द के उपार्जन के लिए तहसील क्षेत्र में पंजीयन केन्द्रों का किया निर्धारण, 15 जून तक करा सकेंगे पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन द्वारा किसानों की गर्मी सीजन की फसल मूंग व उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिये पंजीयन केन्द्रो का निर्धारण किया गया है जहां पर किसान 15 जून तक अपना पंजीयन करा सकते है। इस संबंध में उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने बताया कि भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसान 15 जून 2026 तक पंजीयन कर सकते हैं। बताया जाता है कि शासन के निर्णय अनुसार उड़द विक्रय करने वाले किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 600 रुपये प्रति क्विंटल के मान से बोनस प्रदान किया जाएगा। मूंग का उपार्जन भारत सरकार द्वारा प्रदत्त लक्ष्य सीमा अनुसार किसानों के उत्पादन का केवल 25 प्रतिशत तक ही उपार्जन किया जायेगा। ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के तहसीलवार संपूर्ण जिले में कुल 34 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इसके लिये गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बी-पैक्स गाडरवारा, बी-पैक्स नांदनेर, बी-पैक्स खुरसीपार, बी-पैक्स आड़ेगांव, बी-पैक्स चारगांव, बी-पैक्स छैनाकछार, बी-पैक्स सीरेगांव, बी-पैक्स इमलिया साली., बी-पैक्स करपगांव, बी-पैक्स लिंगा, बी-पैक्स कौड़िया, बी-पैक्स सूरना, बी-पैक्स सिहोरा, बी-पैक्स मड़गुला, बी-पैक्स तूमड़ा में पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रो पर किसान एमपी किसान एप, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे एवं स्वयं के मोबाइल के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### खनिज नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, कई पट्टाधारकों पर अर्थदण्ड

**शहपुरा।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जिले में संचालित उत्खनिपट्टा खदानों में अनियमितता एवं खनिज नियमों के उल्लंघन पर खनिज विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत विभिन्न उत्खनिपट्टा धारकों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने के साथ ही कई मामलों में प्रतिभूति राशि राजसात एवं पट्टे निरस्त किए गए हैं।खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स अनुराग स्टोन क्रेशर प्रोण संदीप रजक निवासी शहपुरा को ग्राम मनेरी तहसील शहपुराए उत्तम साहू निवासी बजाग को ग्राम आमाडोंगरी तहसील बजाग तथा शैलेन्द्र कुशवाह निवासी गुना को ग्राम चांदपुर माल तहसील डिण्डौरी स्थित स्वीकृत उत्खनिपट्टों में मण्प्रण गौण खनिज नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। साथ ही संबंधित पट्टाधारकों की जमा प्रतिभूति राशि शासन पक्ष में राजसात की गई।

इसी प्रकार श्रीमती सुमित्रा चौकसे निवासी लीलीटोला द्वारा ग्राम खिरसारी में अवैध भंडारण पाए जाने पर 4 लाख 43 हजार 100 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। वहीं पट्टाधारक शारदा राय निवासी शहपुरा को ग्राम शक्तिभगदू रैयत तहसील शहपुरा स्थित उत्खनिपट्टा क्षेत्र में ई.टीपी के दुरुपयोग के मामले में 3 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया। साथ ही ग्राम शहपुरा स्थित स्वीकृत भंडारण स्थल में अनियमितता पाए जाने पर उनकी 25 हजार रुपये की प्रतिभूति राशि भी शासन पक्ष में राजसात की गई।खनिज विभाग ने बताया कि इससे पूर्व भी मेसर्स परमार कंस्ट्रक्शन द्वारा उत्खनिपट्टा की शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर 4 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया था।इसके अतिरिक्त नियमों के उल्लंघन के चलते प्रकाश राय ग्राम अण्डईए आरण्एसण मिनरल्स ग्राम कमरासोंढाए प्रमोद साहू ग्राम करौंदा तथा प्रभात अग्रवाल ग्राम धौरई के स्वीकृत उत्खनिपट्टे निरस्त किए गए हैं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनिज नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया 3000 सोक पिट का निर्माण

**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य निरंतर जन सहयोग से किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल बचाने, संरक्षित करने एवं जल का महत्व बताने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने बताया है कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण और भूमिगत जलस्तर रिचार्ज की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा एक सप्ताह के अंदर अपने स्वयं के व्यय से 3000 से अधिक सोक पिट का निर्माण किया गया। सोक पिट निर्माण के साथ ही कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी दैनिक गतिविधियों में जल संचयन एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### वैदिक मंत्रोच्चार से शिवमय हुआ विश्वविद्यालय

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय का परिसर उस समय पूरी तरह आध्यात्मिक और भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा, जब विश्वविद्यालय में कर्मकांड डिप्लोमा पाठ्यक्रम की प्रायोगिक परीक्षा का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने पूरी वैदिक परंपरा के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक और रुद्री का सस्वर पाठ किया, जिससे पूरा परिसर शिवमय हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कुलगुरु प्रो. रामशंकर, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी, विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद शर्मा और छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद पाण्डेय द्वारा भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि कर्मकांड केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने माध्यम है।

## खबर का असर, वनग्राम खमरिया पहुंचा प्रशासन

# ग्रामीणों को मिली राहत, टैंकर से पहुंचाया गया पानी

शहपुरा डिंडोरी।



मेहदवानी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखलोदी के वनग्राम खमरिया में पेयजल संकट को लेकर प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला। मामला सामने आते ही पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला सक्रिय हुआ और अधिकारी तत्काल गांव पहुंचे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद गांव में पानी का टैंकर भेजा गयाए जिससे कई दिनों से पानी की किल्लत झेल रहे लोगों को राहत मिली।गर्मी बढ़ने के साथ वनग्राम खमरिया में जल संकट लगातार गहराता जा रहा था। गांव के कुएंए बावड़ियां और अन्य जल स्रोत पूरी तरह सूख चुके थे। हालात यह थे कि महिलाओं और बच्चों को प्रतिदिन पहाड़ी रास्तों से होकर करीब दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत और संबंधित विभागों से शिकायत कीए लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया।ग्रामीणों की परेशानी और विभागीय लापरवाही उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। जनपद पंचायत मेहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद ओझा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शहपुरा के एसडीओ गगन कुम्हरे ने गांव पहुंचकर हालात का जायजा लिया और ग्रामीणों से चर्चा की।




निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पंचायत कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 3 जून 2026 तक गांव में मोटर पंप स्थापनाए पाइपलाइन विस्तार एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू की जाए। अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच पंचनामा तैयार कर कार्यों की समयसीमा तय की और जल्द स्थायी समाधान का भरोसा दिलाया।ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से जल संकट बना हुआ थाए लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर गंभीर नहीं थे। प्रशासनिक अधिकारियों के गांव पहुंचने और तत्काल पानी की व्यवस्था होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी समस्या सामने आने के बाद अब राहत मिलनी शुरू हुई है।




गांव में पानी का टैंकर पहुंचने के बाद महिलाओं और बच्चों के चेहरों पर राहत साफ दिखाई दी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि तय समयसीमा में पाइपलाइन और मोटर पंप का कार्य पूरा होने पर वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से स्थायी निजात मिल सकेगी।इस दौरान जनपद पंचायत मेहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद ओझाए पीएचई विभाग शहपुरा के एसडीओ गगन कुम्हरेए पंचायत इंस्पेक्टर झारियाए ग्राम पंचायत सचिवए सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत अमेरा को मिली नई सरपंच माया बाई मार्को निर्वाचित

रिक्त पद पर सम्पन्न हुआ स्थानापन्न निर्वाचनए पंचायत में विकास की जगी उम्मीद



**शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा में रिक्त सरपंच पद के लिए स्थानापन्न निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हो गई। निर्वाचन के बाद माया बाई मार्को को ग्राम पंचायत अमेरा का नव निर्वाचित स्थानापन्न सरपंच घोषित किया गया। निर्वाचन परिणाम घोषित होते ही पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला तथा ग्रामीणों और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी।जानकारी के अनुसार जिला पंचायत डिंडोरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40;1द्ध के तहत पारित आदेश के माध्यम से तत्कालीन सरपंच कौशिल्या मार्को को पद से पृथक कर दिया गया था। इसके बाद ग्राम पंचायत अमेरा में सरपंच का पद रिक्त हो गया था।

रिक्त पद की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 38 के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय अमेरा में विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे शुरू हुई निर्वाचन प्रक्रिया पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में नियमानुसार सम्पन्न कराई गईए जिसमें मतदान एवं चयन की समस्त कार्रवाई पूरी की गई।निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद माया बाई मार्को को ग्राम पंचायत अमेरा का नया स्थानापन्न सरपंच घोषित किया गया। नई सरपंच के निर्वाचन के बाद पंचायत क्षेत्र के लोगों ने विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीद जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में लंबे समय से लंबित कार्यों को अब गति मिलेगी तथा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल देखने को मिलेगी।

## प्रशिक्षण से अनुपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों पर कार्रवाई



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक अंतर्गत जिला अस्पताल में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पांडे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा उनका एक दिवस का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश दिए हैं।प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सीएमएचओ डॉण पांडे ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉण मनोज उरैतीए मनोरमा सोनावने एवं डॉण अंकित अलावे द्वारा चयनित 58 स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारियों को छफौ सर्टिफिकेशन की तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण एवं आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई हैए उनमें हीना बानो ;सीएचओ पडरिया मालद्धए भारती मेहरा ;सीएचओ सढ़वाछापरद्धए रोशनी धुर्वे ;सीएचओ पिपरियाद्ध तथा डॉ् विवेक साहू ;मेडिकल ऑफिसर कोहनी देवरीद्ध शामिल हैं।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ब्लैक स्पॉट सुधार यातायात व्यवस्था एवं राहत योजनाओं की समीक्षा



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। बैठक में राहवीर योजनाए हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रकरणए ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं सुधार कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मडियारास तिराहा से कूंड़ाए अपना ढाबा से मुडकी तिराहाए हनुमान मंदिर के पास मोड़ए बड़झर घाटए क्रेशर पाइंट बिजौरी तथा रहमान ढाबा सुकुलपुरा सहित विभिन्न दुर्घटना संभावित स्थलों पर स्पीड ब्रेकरए संकेतक बोर्ड एवं अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने नगर के बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखनेए ओवर स्पीड पर नियंत्रणए ऑटो पार्किंग व्यवस्थाए सड़क मरम्मत कार्य एवं आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों की निगरानी के लिए हाईटेक व्यवस्था अपनाने तथा पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार.प्रसार पर भी जोर दिया। बैठक में स्पीड ब्रेकरों पर ग्रोवन व्हाइट पेंट करानेए विभिन्न स्थानों पर रेडियम रिफ्लेक्टरए गति अवरोधकए संकेतक चिन्हए रेडियम बैरिकेडिंग एवं रेलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही आमजन से संवाद कर मांग के आधार पर आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने की बात कही गई।बैठक में पीएम राहत योजना के पांच प्रकरण स्वीकृत किए गए। वहीं राहवीर योजना के तहत आठ प्रकरणों को स्वीकृति दी गईए जिसमें दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले व्यक्तियों को 25 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। हिट एंड रन योजना के अंतर्गत दो प्रकरण स्वीकृत किए गएए जिन्हें राहत राशि दी जाएगी।प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों ने जानकारी दी कि बड़झर घाट क्षेत्र में पूर्व में लगातार दुर्घटनाएं होती थींए लेकिन संकेतक बोर्ड एवं शोल्डर रिपेयरिंग कार्य के बाद दुर्घटनाओं में कमी आई है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक आशीष खरेए अपर कलेक्टर जेपी यादवए एसडीएम रामबाबू देवांगनए बजाग एसडीएम अक्षय डिगरसेए डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिकए डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैनए यातायात प्रभारी सुभाष उईकेए परिवहन अधिकारीए प्रधानमंत्री सड़क योजना अधिकारीए कार्यपालन यंत्री एमपीईबीए एनएच.45ए नगर परिषदए समस्त तहसीलदारए सीएमएचओ डॉण राजेश मरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेयजल संकट पर त्वरित कार्रवाई, ग्रामीणों को मिली राहत

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को विकासखंड डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत घुसिया माल के ढीमरटोला का औचक निरीक्षण किया।



पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणजन हाल ही में जनसुनवाई में पहुंचे थेए जिसके बाद कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दो दिवस के भीतर पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए थे।

निर्देशों के पालन की स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर स्वयं गांव पहुंचीं और जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव एवं मोहल्लों में आवश्यकता अनुसार पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या के कारण लोग कुएं में उतरकर पानी भरने को मजबूर थे। समस्या की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने मौके पर ग्रामीणों से चर्चा की और खराब पड़े बोरवेल में अपने समक्ष नया पंप लगवाकर उसे चालू कराया। साथ ही गांव में घर.घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई।कलेक्टर ने स्वयं बोर का पानी पीकर उसकी गुणवत्ता देखी तथा छोटे बच्चों को भी पानी पिलाया। गांव में पेयजल व्यवस्था बहाल होने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार किसी कलेक्टर को गांव में खड़े होकर ट्यूबबेल फिट करवाते देखा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो.दो हजार लीटर क्षमता की दो पानी टंकियां भी लगवाई गई हैं। वहीं कम वोल्टेज की समस्या सामने आने पर कलेक्टर ने तत्काल स्टेबलाइजर लगवाने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने ग्रामीणों से गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी का सदुपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोटर संचालन की जिम्मेदारी किसी एक जिम्मेदार व्यक्ति को दी जाएए ताकि पूरे गांव को समय पर पर्याप्त पानी मिल सके।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने राकेश नंदा के घर पहुंचकर सोखता टैंक निर्माण की विधि बताई तथा निर्माण कार्य में सहयोग किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपने घरों में सोखता टैंक बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे भूमिगत जलस्तर बना रहेगा और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।इस दौरान एसडीएम रामबाबू देवांगनए तहसीलदार सुंदरलाल यादवए जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवारए एसडीओ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रमोद उपाध्यायए बीके कोलए सचिव जवाहर सिंह ठाकुरए सरपंच श्रीमती सुभद्रा बाई पट्टा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों की सौगात पाइप लाइन विस्तार और रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन

पेयजल व्यवस्था होगी सुदृढ़ सांस्कृतिक आयोजनों को मिलेगा नया मंच



**शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलाई मॉल में पाइप लाइन विस्तारीकरण एवं रंगमंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मोए जनपद सदस्य ज्योति परस्तेए सरपंचए सचिव एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पाइप लाइन विस्तार कार्य पूर्ण होने के बाद गांव के अधिक से अधिक परिवारों तक सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इससे ग्रामीणों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा और लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।वहीं रंगमंच निर्माण कार्य से गांव में सामाजिकए सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। ग्रामीणों ने बताया कि रंगमंच बनने से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को नई पहचान प्राप्त होगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा हैए ताकि गांव का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी गांव में इसी प्रकार जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## डिंडौरी जिले में ई.टोकन से होगा उर्वरक वितरण

### किसानों को मिलेगी पारदर्शी और सुगम सुविधा



**डिंडौरी।** जिले में किसानों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब ई.टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार उर्वरक वितरण व्यवस्था को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया जा रहा हैए जिससे किसानों को लंबी कतारों और अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।नई व्यवस्था के तहत किसान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई.टोकन बुक कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। बिना ई.टोकन के उर्वरक वितरण नहीं किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना तथा किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराना है।कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी फार्मर आईडी एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई.विकास पोर्टल पर पंजीयन कराएं। जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी हैए वे संबंधित विभाग से संपर्क कर शीघ्र आईडी बनवाएं। सिकमी एवं बटाईदार किसान भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीयन कर ई.टोकन प्राप्त कर सकेंगे।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से भी किसानों को ई.टोकन प्रणाली की जानकारी दी जा रही है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए समय पर ई.टोकन बुक करेंए ताकि खरीफ सीजन में उर्वरक वितरण सुचारु रूप से जारी रह सके।




## शहपुरा में मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, गौवंश संरक्षण की उठाई मांग

**शहपुरा।** क्षेत्र के मुस्लिम समाज द्वारा गौवंश संरक्षण को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी ;एसडीएमद्ध को सौंपा गया। ज्ञापन में हिंदू समाज की आस्था का सम्मान करते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग उठाई गई है। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि देशभर में गौवंश से जुड़े सभी बूचड़खानों को बंद किया जाए तथा गौवंश से संबंधित किसी भी प्रकार के व्यापार पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। इसके साथ ही गौवंश से निर्मित वस्तुओं के आयात.निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि गाय भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक हैए इसलिए इसके संरक्षण के लिए कठोर और प्रभावी कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। मुस्लिम समाज ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उक्त ज्ञापन को माननीय राष्ट्रपति तक पहुंचाया जाए तथा शासन.प्रशासन इस विषय में आवश्यक सहयोग प्रदान करे। इस दौरान अताउरहमान खान बहिद खान मुबीन इक़बाल आशुए हिदायत अनस इमरान सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गर्मी में राहत की पहल, नगर परिषद उपाध्यक्ष ने शुरू की चलित जल सेवा




भीषण गर्मी के बीच नगरवासियों को मिलेगी निशुल्क पेयजल सुविधा

**शहपुरा।** भीषण गर्मी और बढ़ते जल संकट को देखते हुए नगर परिषद शहपुरा के उपाध्यक्ष मुकेश साहू द्वारा नगरवासियों के लिए चलित एवं निशुल्क पानी वितरण सेवा शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य उन वार्डों और मोहल्लों तक तत्काल पेयजल पहुंचाना हैए जहां पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है।नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू ने बताया कि नगर के किसी भी वार्ड या क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति होने पर नागरिक संपर्क नंबर 8359959599 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना मिलते ही चलित पानी वाहन के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में निशुल्क पानी उपलब्ध कराया जाएगाए ताकि गर्मी के दौरान लोगों को राहत मिल सके।उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण कई इलाकों में जल संकट की स्थिति बन रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सेवा प्रारंभ की गई हैए ताकि किसी भी नागरिक को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में ऐसी व्यवस्था से आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार करेली तहसील की ग्राम पंचायत गोरबगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम बहेरिया में 15.664 हेक्टेयर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। यह कार्यवाही राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा की गई। अतिक्रमण मुक्त कर उक्त भूमि को ग्राम पंचायत को सुपुर्द की गई। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार करेली पारसनाथ मिश्रा, पटवारी, ग्राम पंचायत एवं पुलिस विभाग का अमला मौजूद था।

### अनियमितताएं बरतने पर रोहित शर्मा निलंबित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि गेहूं खरीदी केन्द्र बी-पैक्स बचई करहैया खरीदी स्थल वृदांवन पंडा वेयर हाउस नयागांव के कर्मचारी रोहित शर्मा के विरूद्ध उपार्जन कार्य में अनियमितताएं, गड़बड़ी एवं अनाधिकृत रूप से पैसे लेने की शिकायत पर समिति प्रबंधक बी-पैक्स बचई करहैया द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उक्त केन्द्र की विस्तृत जांच कार्यवाही प्रचलित है। उक्त शिकायत भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत शाखा नरसिंहपुर के पदाधिकारियों के द्वारा की थी। उक्त शिकायत की जांच 28 मई 2026 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर और सहकारिता विस्तार अधिकारी नरसिंहपुर से कराई गई थी। जांच के दौरान उपार्जन कार्य में अनियमितताएं बरतने संबंधित तथ्य पाए जाने पर उक्त कार्यवाही की गई।

सीवर लाइन बन रही नगरवासियों की लिए समस्या

# पाइप लाइन टूटने से गहराया पेयजल संकट



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** नगर में डाली जा रही सीवर लाइन सुविधा से अधिक समस्या का कारण बनती जा रही है। ऐसा वाक्या कल सामने आया जब सीवर लाइन कार्य के चलते तीन वार्डो में पेयजल पाइप लाइन टूट गई जिससे वार्डों में पानी की सप्लाई व्यवस्था बंद हो गई। पानी के लोगों को परेशान होना पड़ा उसके बाद दोपहर के समय नगर पालिका द्वारा टेंकर भेजा गया। नगरीय क्षेत्र में सीवर लाइन निर्माण कार्य अब लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि मुसीबत का कारण बनता जा रहा है। गुरुवार को नगर के महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड के भटिया टोला में हालात उस समय बिगड़ गए, जब बुधवार की शाम को सीवर लाइन की खुदाई के दौरान मशीनों ने नालियों और पेयजल पाइपलाइन कनेक्शनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। देखते ही देखते गलियों में पानी फैल गया और कई घरों तक गंदा पानी पहुंच गया। इसके बाद मोटर पंप बंद कराए गए और पूरे क्षेत्र की जलापूर्ति ठप हो गई। जो दूसरे दिन भी दिनभर ठप रहने से लोग परेशान रहे।

#### पानी के पानी का रहा संकट

सीवर लाइन कार्य के चलते भटिया टोला में सुबह से नल नहीं चलने पर लोग पीने के पानी के लिए भटकते रहे। महिलाओं और बच्चों को बाल्टियां लेकर दूसरे मोहल्लों तक जाना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी ने खुदाई शुरू करने से पहले न तो सुरक्षा इंतजाम किए और न ही वैकल्पिक जलापूर्ति की व्यवस्था बनाई। लोगों की शिकायतों पर कार्य करने वाले कर्मचारी कहते रहे कि सुधार हो रहा है लेकिन दिनभर इसी इंतजार में बीता। शाम को भी लोगों के लिए पानी की समस्या से परेशान होना पड़ा। भटिया टोला क्षेत्र में दिनभर टैंकर नहीं पहुंचने से लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। कुछ अन्य क्षेत्र में भी घरों के कनेक्शन टूटने की शिकायतें सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि सीवर लाइन ठेकेदार की मनमानी धड़ल्ले से जारी है और नगर पालिका उस पर लगाम लगाने मे असफल नजर आ रही है या नगर पालिका नौ तपा में पानी के लिस लोगों को तरसा रही है।

#### सफाई कार्य से लाइन टूटी

वही प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के धनारे कॉलोनी रोड और तिंदनी रोड क्षेत्र में भी सफाई कार्य के दौरान पाइप लाइन फूटने से जल संकट गहरा गया। कुछ इलाकों में नगर पालिका ने पानी के टैंकर भेजे। निकाय से लाइन सुधार कार्य में तत्परता दिखाई जिससे शाम को आपूर्ति बहाल हो गई। वहीं बुधवार को ही अटल पार्क के पास निर्माण कार्य के दौरान लाइन टूटने से लोग परेशान रहे, बाद में यहां लाइन जोड़ने की कार्रवाई कराई गई। पाइप लाइन टूटने से कही पानी का भराव रहा तो कही जल संकट से लोग जूझते नजर आए। जानकारी मिलने के बाद प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के कानो मे जूं नही रेंगी तो जनप्रतिनिधियों को सूचित किया उसके बाद टेंकर से पानी भेजा गया तथा प्रशासन द्वारा सुधार कार्य मे तेजी लाई गई।

#### लाइन टूटने का नहीं थम रहा सिलसिला

शहर में सीवर लाइन निर्माण के दौरान पाइपलाइन टूटने का सिलसिला लगातार जारी है। कई स्थानों पर सडकें खोदकर लाइन बिछाई गई लेकिन बाद में सुधार कार्य के नाम पर खानापूर्ति कर दी गई। जिससे कहीं गहरे गड्ढे हैं तो कहीं कीचड़ और बहता पानी। इससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। संकरी गलियों में दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और रात के समय हादसे का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विकास कार्यों की कीमत अब लोगों को पानी, सडकघ और सुरक्षा खोकर चुकानी पड़ रही है। यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो बारिश में मुसीबत बढना तय है। नगर मे पाइप लाइन टूटने को सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है सीवन लाइन डालने के नाम पर आए दिन पाइप लाइन तोड़ी जा रही है जिसका खमियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

#### ये रही समस्याएं

**सीवर खुदाई में कई जगह टूटी पाइपलाइनें ।**
**भटिया टोला में दिनभर बंद रही जलापूर्ति।**
**कई घरों में घुसा पानी और कीचड़।**
**तिंदनी रोड, धनारे कॉलोनी और क्वार्टर क्षेत्र प्रभावित।**
**कई स्थानों पर अधूरी खुदाई से आवागमन बाधित।**
**प्रभावित क्षेत्र में टैंकर व्यवस्था पर उठे सवाल।**

# अधिकारियों को भी पता होने के बाद भी ग्राम पंचायत की मनमानी से विवादित स्थान पर निरंतर हो रहा निर्माण

**करेली।** ग्राम पंचायत गूजर में सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई थी, वहीं दो बार निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाने से अब ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव जिला अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं।

#### विरोध पर रुकवाया था काम

जानकारी के अनुसार 24 मार्च को ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक भवन का निर्माण अस्पताल के पास कराने का विरोध किया था। इसके बाद जनपद स्तर से निर्माण कार्य को बिना जांच रोका गया था।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 27 अप्रैल को सामुदायिक भवन का स्थान परिवर्तन करने के लिए विभागीय पत्राचार भी किया गया था।

इसके बावजूद करीब दो माह बाद फिर उसी विवादित स्थान पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित स्थल के आसपास उप स्वास्थ्य केंद्र है, जिससे भविष्य में बच्चों की सुविधाएं प्रभावित होंगी।

"सामुदायिक कार्यक्रमों से प्रदूषण एवं शोर-शराबा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।"

वहीं निर्माण एजेंसी ने पंचायत क्षेत्र में सरकारी कब्जा क्रमांक 249/1 एवं 249/2 में निर्माण की अनुमति होने की बात कही है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान उपयुक्त नहीं है।

#### सामुदायिक भवन स्थानांतरण की मांग



**ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर सामुदायिक भवन को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान स्थान पर भवन बनने से अस्पताल के संचालन में दिक्कतें आएंगी।

#### मरीजों की सुविधाएं प्रभावित होंगी

ग्रामीणों के अनुसार अस्पताल के पास सामुदायिक भवन बनने से मरीजों को परेशानी होगी। कार्यक्रमों के दौरान भीड़भाड़ और ध्वनि प्रदूषण बढ़ेगा, जिससे इलाज प्रभावित हो सकता है।

#### हड़बड़ी में गड़बड़ी भी हुई

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में जल्दबाजी के चलते कई अनियमितताएं हुई हैं। निर्माण सामग्री एवं



मापदंडों को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

#### जिम्मेदारों का अलग ही आलाप

ग्राम सचिव का कहना है कि आपत्ति के बावजूद निर्माण कार्य रोका नहीं गया, क्योंकि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं।

वहीं जनपद पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर किया जा रहा है।

#### पंच और ग्रामीणों की आपत्ति

ग्राम के पंच संजीव कोरी, जीवन काछी, अल्ताफ शिक्षक सहित ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से विरोध जताते हुए कहा कि अस्पताल के समीप सामुदायिक भवन निर्माण उचित नहीं है। उनका कहना है कि गांव में अन्य उपयुक्त स्थान उपलब्ध हैं।

#### शिकायतों पर शिकायत हो तब होगी कार्रवाई अजब अधिकारी की गजब कथनी

विवादित जगह सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर ग्रामीण पंचों द्वारा लगातार ज्ञापन व शिकायत है विभागीय पत्राचार किया जा चुका उसके बाद भी अधिकारी बोल रहे हैं शिकायत होने पर कार्यवाही की जाएगी अब यह समझना होगा कि अधिकारी को किस तरह की शिकायत है और चाहिए तब यह कार्यवाही संभव कर सकेंगे अस्पताल और आंगनबाड़ी के पास भवन निर्माण होने से मरीजों और बच्चों को परेशानी होगी।

**सत्येंद्र साहू, निवासी**

ग्राम पंचायत को विवादित स्थल की बजाय किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन करना चाहिए।

**मटलेलाल पटेल, निवासी**

निर्माण कार्य नियमों के अनुसार कराया जा रहा है। शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी।

**संतोष मड़ाविया,**
**सीईओ जनपद पंचायत गाडरवारा**

# आज निकालेगी कांग्रेस पार्टी जन आक्रोश रैली



**गोटेगांव।** विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर गोटेगांव विधानसभा कांग्रेस आज जन आक्रोश रैली निकालेगी। रैली के माध्यम से युवाओं, किसानों एवं आम नागरिकों की सात सूत्रीय मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा।कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रस्तुत प्रमुख मांगों में बेरोजगार युवाओं को रोजगार, किसानों की समस्याओं का समाधान, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी, अघोषित बिजली कटौती बंद करना, खराब सड़कों का निर्माण, नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में दोषियों पर कार्रवाई तथा गरीब परिवारों को भूमि पट्टा देने की मांग शामिल है।रैली शाम 4 बजे भगतराम चौराहा स्थित राम मंदिर के पास से प्रारंभ होकर पेट्रोल पंप मार्ग से एसडीएम कार्यालय पहुंचेगी।ज्ञापन सौंपने के बाद फुहारा चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। कांग्रेस कमेटी ने किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है।

# सांस्कृतिक विमर्श का हुआ आयोजन, छात्र-छात्राएं सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नियमित्ता, अनुषासन, प्रोत्साहन के मूलमंत्र पर संचालित एम.आई.एम.टी. कॉलेज में युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग, एड. रचित तिवारी डायरेक्टर एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज एवं उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि इंजी. तिवारी ने सांस्कृतिक गतिविधियों को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण साधन निरूपित किया तथा युवा उत्सव को छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का श्रेष्ठ माध्यम बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. गर्ग ने स्वागत उद्बोधन देते हुए शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों की उपयोगिता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु विचार आमंत्रित किये गए जिसमें छात्र प्रांजल पटेल, कल्पना अहिरवार, साक्षी रजक, सोनल वाधवानी एवं छात्र अभयराज डेहरिया ने अपने




विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से किया गया। छात्रा साक्षी रजक, महिमा रैकवार एवं आर्या सोनी द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान युवा उत्सव सत्र 2025-26 के विश्वविद्यालय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. पराग नेमा एवं आभार डॉ दीपका शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अनीता रघुवंशी, सुश्री विजेता सिधना, सुश्री मानसी जैन सहित स्टॉफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम दौरान राशि ठाकुर, आर्या सोनी, दुर्गा चौधरी, अरूणिता पटेल, रक्षा पटेल, सत्या नेमा, जिया लोधी, रोशनी साहू, खुशी सोनी, नंदिनी राजपूत, दृष्टि यादव, शिवम कहार, सूजल मेहरा, प्रांजल पटेल, रिया लोधी, शिवम ठाकुर, गीता लोधी, रोशनी गुमास्ता, वेदिका स्थापक, सुहानी कुर्मी, अक्षय नौरिया, सलोनी ठाकुर, देवकी सेन, प्राची साहू, दीप्ती पटेल, अनिकेत कुशवाहा, राधिका यादव, प्रियांशु बाजपेयी, सोनिया सिलावट, भूमिका जाटव, महिमा रैकवार, साक्षी रजक, भानुजा पटेल, सोनल बाधवानी, कंचन कुर्मी, रिया शर्मा, अभय राज डेहरिया, अंकिता पटेल, प्रिया साहू, प्रियूश ठाकुर, हर्षित कौरव, शिवानी कहार, अजहर अहमद कुरैशी, ऋतिक पटेल, विशाल शर्मा, रितिका सोनी को युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।

# कथा में गौ सेवा और संस्कारों पर जोर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की अपील



**गोटेगांव।** समीप ग्राम भडरी में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास विपिन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए गौ सेवा, संस्कार और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश ने गुलामी की जंजीरों से मुक्ति पाई, उसी प्रकार गौ हत्या भी बंद होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।व्यासपीठ से उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक घर में एक गौमाता अवश्य हो तथा सड़कों पर घायल एवं बेसहारा गौवंश की सेवा की जाए। उन्होंने कहा कि गौ सेवा ही श्रीकृष्ण की सच्ची सेवा है।कथा के दौरान उन्होंने युवाओं को धूम्रपान से दूर रहने, बच्चों को धार्मिक संस्कार देने तथा घरों में धार्मिक आयोजन करने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर गौ सेवा हेतु विधायक महेंद्र नागेश ने एक लाख रुपये तथा सत्येंद्र पटेल ने 2 लाख 51 हजार रुपये देने की घोषणा की।विपिन महाराज ने यह भी संकल्प लिया कि बेटी के विवाह के बाद वे भागवत कथा से कोई पारिश्रमिक नहीं लेंगे और वह राशि गरीब कन्याओं के विवाह एवं गौ सेवा में समर्पित करेंगे। उन्होंने नरसिंहपुर जिले में 108 कन्याओं के विवाह कराने का संकल्प भी दोहराया। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक चल रही है, जिसका समापन 31 मई को होगा। इस दौरान पूर्व विधायक शेखर चौधरी, श्रीधाम हॉस्पिटल डायरेक्टर मुकेश विलवार, नरेश विलवार, विनोद पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने कथावाचक से लिया आशीर्वाद क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की



**गोटेगांव।** समीप ग्राम भडरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित विपिन बिहारी दास महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि राजनीति और धर्म दोनों का उद्देश्य जनसेवा है। संतों का आशीर्वाद जनप्रतिनिधियों को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर जनता की निस्वार्थ सेवा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कथावाचक महाराज से गोटेगांव विधानसभा सहित पूरे जिले की सुख, शांति और समृद्धि के लिए मंगलकामना की।कथावाचक विपिन बिहारी दास महाराज ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि सेवा भाव से कार्य करते हैं, तब समाज और जनता का कल्याण सुनिश्चित होता है।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन के तहत बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस पूर्व विधायक संजय शर्मा के राजमार्ग कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा के प्रभारी मनीष राय जिला संगठन मंत्री माननीय दीवान शैलेन्द्रसिंह पूर्व विधायक संजय शर्मा की विशेष उपस्थिति में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अतिआवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई ।इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल कोड़यिा केअध्यक्ष सूर्यकांत लोधी ब्लाक करपगांव के अध्यक्ष राजेन्द्र कौरव जनपद पंचायत चावरपाठा के अध्यक्ष सोबरन ठाकुर उपाध्यक्ष आयुष रघुवंशी एवं तेंदूखेड़ा नगर से कमल जैन सहित समस्त मंडलम व सेक्टर के अध्यक्षगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जल का अपव्यय करना पाप और मनुष्य को अपने जीवन में वृक्ष लगाना जरूरी



**कथा के माध्यम से जल और पर्यावरण संरक्षण का दिया जा रहा संदेश**

**तेंदूखेड।** इन दिनों नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धि मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के माध्यम से भागवत किंकर क उपाधि से अलंकृत कथा व्यास पं कृष्णकांत शास्त्री के द्वारा योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव और विभिन्न लीलाओं का बड़े ही मनोरम भाव से वर्णन करते हुए स्पष्ट किया कि भक्त की भक्ति में इतना सामर्थ्य हुआ करता है कि भगवान को सब कुछ छोड़कर भक्त की रक्षा के लिए पहुंचना पड़ता है। कथा व्यास ने प्रहलाद की भक्ति और द्रोपती के चीरहरण की कथा को बड़े ही सुन्दर भाव से वर्णन करते हुए स्पष्ट किया कि दुष्ट अपनी दुष्टता के कारण नष्ट हो जाता है और साधु संत सज्जन अपनी



उत्कर्षता के कारण भगवान को प्रिय हो जाता है।सबाल केवल शरणागत होने का है।जो व्यक्ति अपनी संपूर्ण जीवन को प्रभु चरणों में समर्पित कर देता है उसकी जवाबदेही फिर भगवान की ही हो जाती है। कलयुग में भी मीरा संत नामदेव रविदास कबीर ज्ञानदेव नानक देव प्रेमानंद जी सहित भक्तों की भक्ति के कारण प्रभु को स्वयं पहुंचना पड़ता है।

#### बताया 16 संस्कारों का महत्व

कथा व्यास ने 16 संस्कारों का महत्व बताते हुए स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति जन्म के पूर्व से ही अंतिम अग्नि संस्कार तक पालन करता है वह संस्कारों और संस्कृति से परिपूर्ण हुआ करता है।आज के समय में बच्चों को संस्कारों और संस्कृति से जोड़ने की महती आवश्यकता है।

#### धूमधाम से मनाया भगवान कि जन्मोत्सव

कथा के दौरान विभिन्न दृष्टांतों को मनोरम भाव से वर्णन करते हुए भगवान बांके बिहारी का जन्मोत्सव की कथा के दौरान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया मंगलगान और बाल स्वरूप भगवान का पूजन अर्चन किया गया। तथा बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। माखन चोरी के पीछे भाव को स्पष्ट करते हुए कहा कि व्रज वासियों के मन को प्रभु चरणों में लगाने के लिए ही माखन चोरी करनी पड़ी तथा जल को विषैला करने उसको स्वच्छ करने कालिया नाग का नाथन किया। और इंद्र के अहंकार को नष्ट करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली को उठाने के पीछे केवल पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा का संदेश दिया है। कथा व्यास ने बताया कि जो व्यक्ति पानी का अपव्यय करता है उसे पाप का भागी बनना पड़ता है। और वरुण देव भी रुष्ट हुआ करते हैं।इसी तरह से स्कंद पुराण में वृक्षारोपण की महिमा को बताया गया है प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पीपल नीम वरगद आंवला केंथा जामुन का वृक्ष जरुर लगाना चाहिए।घटते वृक्षों के कारण ही आज हमें तापमान की असहनीय पीड़ा से झुलसना पड़ रहा है। यदि अभी भी नहीं सक्रिय हुये तो आने वाला समय और भी भयावह होना पड़ेगा। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एजेंसी देना है
नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत करकबेल, बोहानी, चीचली, बरमान में हरिभूमि अखबार की एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा निधि के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
प्लाट नं. 66/1 इंडस्ट्रियल एरिया,रिछाई जबलपुर (म.प्र)
मोबाइल नंबर
9340637789
9479623424